भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 477
उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025

खरगोन-बड़वानी में मोबाइल टावर लगाना

477. श्री गजेन्द्र सिंह पटेलः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या खरगोन-बड़वानी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के दूर-दराज के पहाड़ी क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) खरगोन-बड़वानी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विगत तीन वर्षों के दौरान मोबाइल टावर लगाने की स्वीकृति की वर्ष-वार और कंपनी-वार संख्या कितनी है; और

(ग) कंपनी-वार कितने मोबाइल टावर चालू किए गए, कितने पर काम चल रहा है और कितने टावरों को मंजूरी मिलने के बाद बंद कर दिया गया है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) खरगोन और बड़वानी जिलों में अप्रैल 2022 से डिजिटल भारत निधि स्कीम के तहत निम्नलिखित मोबाइल टावरों को अनुमोदन दिया गया है और चालू कर दिया गया है:

क्रम संख्या	स्कीम	कार्यान्वयन एजेंसी	जिला	नियोजित टावर	चालू किए गए टावर
1	4जी सेचुरेशन	भारत संचार निगम लिमिटेड	खरगोन	67	62
			बड़वानी	88	56
2	आकांक्षी जिलों के 502 सेवा से वंचित गांव	रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड	बड़वानी	59	59
कुल				**214**	**177**

*****